विदेश मंत्रालय

विकास साझेदारी प्रशासन

नई दिल्ली

कोलंबो प्लान तकनीकी सहयोग स्कीम के अंतर्गत वाणिज्य व्याख्याता / रीडर / प्रोफेसर के लिए पद / रिक्तियां

भारत सरकार की कोलंबो प्लान तकनीकी सहयोग स्कीम के अंतर्गत प्रतिनियुक्ति पर गयेड्डु कालेज बिजनेस स्टडी (जी सी बी एस) गेडू, भूटान में निम्नलिखित पदों के लिए भारत के विभिन्न कालेजों एवं विश्वविद्यालयों में स्नातक / स्नात्कोत्तर पाठ्यक्रम पढ़ाने वाले अनुभवी प्रोफेसरों / एसोसिएट प्रोफेसर / रीडरों / व्याख्याताओं से आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं:

क्रम सं	विशेषज्ञता	अर्हता	पदों की संख्या
1	लेखा परीक्षा	एम कॉम / पीएचडी	1
2	लेखाकरण	एम कॉम / पीएचडी	2
3	वित्त	एम कॉम / पीएचडी	2
4	सांख्यिकी	एम कॉम / पीएचडी	1
5	अंतर्राष्ट्रीय व्यवसाय	एम कॉम / पीएचडी	1

1. उपर्युक्त पदों के लिए आवेदन करने वाले उम्मीदवार व्याख्याता के रूप में कम से कम 5 साल के अनुभव के साथ विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा मान्यताप्राप्त केंद्रीय / राज्य विश्वविद्यालय या व्याख्याता के रूप में कम से कम 10 साल के अनुभव के साथ यू जी सी मान्यताप्राप्त समवत / निजी विश्वविद्यालय की नियमित सेवा में होने चाहिए। इन पदों के लिए कोई अंशकालिक उम्मीदवार पात्र नहीं होगा।

2. प्रतिनियुक्ति की अवधि दो वर्ष के लिए होगी जिसे कार्य निष्पादन के आधार पर परस्पर सहमति से तीन वर्ष तक बढ़ाया जा सकता है।

3. सकल वेतन प्रतिमा 1,50,000 से 1,90,000 रूपए होगा।

4. परिसर में नि:शुल्क एवं फर्निशड़ आवास उपलब्ध कराया जाएगा।

5. उम्मीदवारों को उपलब्ध बुनियादी सुविधाओं के साथ पर्वतीय परिवेश में रहने के लिए तैयार रहना चाहिए।

6. प्रतिनियुक्ति पर जाने वाले व्याख्याता भारत सरकार के प्रतिनियुक्ति संबंधी नियमों तथा भूटान शाही सरकार के विचारार्थ विषय द्वारा अभिशासित होंगे।

7. प्रतिनियुक्ति एवं शाही सिविल सेवा नियमावली के अनुसार चिकित्सा सुविधाएं तथा छुट्टी यात्रा रियायत प्रदान की जाएगी।

8. सामान्य शिक्षण के अलावा उम्मीदवारों को निम्नलिखित में समर्थ होना चाहिए:

I. विद्यमान पाठ्यक्रम के मूल्यांकन, सुदृढ़ीकरण तथा पाठ्यचर्या विकास में विशेषज्ञ सेवा प्रदान करना और शिक्षणेत्तर गतिविधियां आयोजित करने में मदद करना;

II. कालेज में अध्ययन एवं अध्यापन की प्रक्रिया में सुधार के लिए कार्यक्रम शुरू करना;

III. कालेज के शैक्षिक जीवन को समृद्ध करने के लिए कालेज में गतिविधियां एवं कार्यक्रम शुरू करना।

55 प्रतिशत अंक के साथ एमबीए / सीए / आईसीडब्ल्यूए / एमकॉम / एलएलएम / एमए / एमसीए या समकक्ष ग्रेड वाले इच्छुक उम्मीदवार सभी शैक्षिक दस्तावेजों तथा पासपोर्ट के आकार फोटो की दो प्रतियों के साथ तत्काल अवर सचिव (टीसी), डीपीए-I। प्रभाग, विकास साझेदारी प्रशासन, विदेश मंत्रालय, जवाहरलाल नेहरू भवन, 23 डी जनपथ, नई दिल्ली के पास आवेदन कर सकते हैं। आवेदन 21 फरवरी, 2014 तक हर हाल में पहुंच जाना चाहिए। उम्मीदवारों को त्वरित संचार के लिए अपना ई-मेल पता, फैक्स, मोबाइल एवं टेलीफोन नंबर प्रदान करना चाहिए। छांटे गए उम्मीदवारों को ई-मेल / फैक्स / फोन के माध्यम से साक्षात्कार की तारीख एवं स्थान के बारे में सूचित किया जाएगा। छांटे गए उम्मीदवारों से अपने खर्च पर नई दिल्ली में साक्षात्कार में भाग लेने की अपेक्षा होगी। साक्षात्कार के समय मेडिकल फिटनेस सर्टिफिकेट के साथ सभी मूल दस्तावेज प्रस्तुत करने होंगे। चयन के संबंध विदेश मंत्रालय निर्णय अंतिम होगा तथा इस संबंध में किसी भी अभ्यावेदन पर विचार नहीं किया जाएगा। हमारा फैक्स नंबर +91 11 49015434 / 49015453 है, टेलीफोन नंबर +91 11 49015430/49015452 है, मोबाइल नंबर +91 9582251615 और ई-मेल पता ustc@mea.gov.in /tcscolombo@mea.gov.in है।